आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्य सचिव ने कार निकोबार का दो दिवसीय दौरा किया– दौरे का उद्देश्य प्रमुख सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करना था।
- पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने 'लक्ष्य दो लाख' पहल की शुरुआत की।
- द्वीपसमूह में आज और कल तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा की चेतावनी ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप–7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का एक पौधा भी लगाएंगे, श्रमजीवियों से बातचीत करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा है कि प्रत्येक आवासीय इकाई में लगभग पांच हज़ार वर्ग फुट क्षेत्र है, जो आवासीय और आधिकारिक दोनों प्रकार के कार्यों के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करता है। कार्यालयों, कर्मचारियों के आवास और एक सामुदायिक केंद्र के लिए समर्पित क्षेत्रों को शामिल करने से सांसदों को जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इसमें यह भी कहा गया है कि परिसर के भीतर सभी इमारतों को आधुनिक संरचनात्मक डिज़ाइन मानदंडों के अनुसार भूकंपरोधी बनाया गया है। सभी निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक और मज़बूत सुरक्षा प्रणाली लागू की गई है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च–स्तरीय टीम के साथ कार निकोबार का दो दिवसीय आधिकारिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य प्रमुख सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करना और स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, कृषि, परिवहन, जल आपूर्ति, खेल और समाज कल्याण क्षेत्रों में विकासात्मक प्राथमिकताओं पर ध्यान केन्द्रित करना था। प्रतिनिधिमंडल में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। पहले दिन के दौरे के दौरान मुख्य सचिव ने समुद्री कटाव की समस्याओं की समीक्षा के लिए मुस जेट्टी क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तमालू का दौरा कर स्कूली बच्चों से बातचीत की। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। जनजातीय

परिषद और ग्राम परिषद के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समुदाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को उनके समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद स्थानीय विभागाध्यक्षों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें उन्होंने उनसे निवासियों के कल्याण के लिए काम करने और सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। दूसरे दिन प्रतिनिधिमंडल ने साई स्टेडियम का दौरा किया, जहां मुख्य सचिव ने युवा एथलीटों से मुलाकात कर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की स्थिति की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने तपोइमिंग क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने एकीकृत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दिया और पोषण, आय और स्थिरता में सुधार की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><><>

ननकौड़ी में बहुप्रतीक्षित "असोल आप" – पारंपरिक होडी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निकोबार द्वीपसमूह की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। इस दौड़ में डारिंग, बुंदरखाडी और पिलपिल्लो गाँव शामिल थे। इस दौड़ में महिलाओं ने भी भाग लिया। पुरुष वर्ग में, मुनक ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में, मुनक ए ने शीर्ष स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कमोर्टा स्थित आईएनएस करदीप के कमांडिंग अधिकारी और ननकौड़ी तथा कमोर्टा के सी टी सी उपस्थित थे। विजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम ननकौड़ी के सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

<><><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने हाल ही में अपनी महत्वाकांक्षी 'लक्ष्य दो लाख' पहल की शुरुआत की। इसका उद्देश्य चालू वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण पोषण और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए 2 लाख से अधिक मुर्गी चूजे वितरित करना है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, ने किया। इस अवसर पर कार निकोबार के तपोइमिंग गाँव से आदिवासी परिषद के प्रतिनिधि, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, लाभार्थी, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में सीमांत किसानों और ग्रामीण समुदायों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में पशुधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इससे पहले, उपस्थिति का स्वागत करते हुए पशुपालन और पशुपालन विभाग की सचिव पल्लवी सरकार, ने मुर्गी वितरण पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ इलाकों तक असमान वितरण, जागरूकता की कमी और पहुँच की कमी जैसी समस्याएँ थीं। इन समस्याओं के समाधान और मुर्गी चूजों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए, विभाग अपने बुनियादी ढाँचे का उन्नयन और उत्पादन क्षमता को मजबूत कर रहा है। दूरस्थ और सबसे अलग–थलग गाँवों के लाभार्थियों

को प्राथमिकता दी गई। सचिव ने कहा कि द्वीपसमूह में अंडा और मांस उत्पादन में सुधार और किसानों के लाभ के लिए योजनाएँ शुरू की जाएँगी। इस कार्यक्रम का समन्वय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलजीत कौर ने किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज और कल एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 35 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी, जिसके बढ़कर 55 किमी प्रति घंटे तक होने की संभावना है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को 14 अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है ।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान कृष्ण की विभिन्न रूपों पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 16 अगस्त को मिशन के सभागार में शाम 3.30 बजे से आरंभ होगी। प्रतियोगिता सब जूनियर और जूनियर दो श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक श्रेणी के तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। सब जूनियर श्रेणी के प्रतिभागियों को शाम 3 बजे, जबकि जूनियर श्रेणी के प्रतिभागियों को शाम 4 बजे तक उपस्थित होना होगा। अधिक विवरण और पंजीकरण के लिए अभिभावक 9434262907 और 9679595614 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को मनाया जाएगा। इस सिलसिले में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज और कल डीब्रेट के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी, व्याख्यान और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

<><><><><><><>

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड न्यूनतम आठवीं पास शैक्षिक योग्यता वाले बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा विशेषज्ञ मार्गदर्शन, प्रशिक्षण के बाद उद्यम शुरू करने का अवसर और इकाइयाँ स्थापित करने हेतु संबंधित योजनाओं के तहत सहायता प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है। इसके लिए बीस अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र मिडिल प्वाइंट स्थित खादी एवं

ग्रामोद्योग बोर्ड के अलावा बकुलतला, डिगलीपुर, हटबे, कार निकोबार स्थित विस्तार कार्यालयों सेया विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

**<><><><><><><>**